



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 29 नवम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 90 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# तूफान ने मचायी तबाही

## श्रीलंका में 123 की मौत, 300 से ज्यादा यात्री फंसे



● तमिलनाडु, दक्षिण आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी में भारी बारिश का अलर्ट

● 100 किमी की रफ्तार से चलेंगी सनसनाती हवाएं

**नई दिल्ली।** तूफान दितवाह ने श्रीलंका में भयानक तबाही मचाई है। तूफान के कारण यहां कम से कम 123 लोगों की मौत हो गई है। राहत बचाव का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं, अब दितवाह भारत की ओर रूख कर लिया है। तूफान के चलते कई फ्लाइट्स कैंसिल हैं। साइक्लोन दितवाह के चलते फ्लाइट्स कैंसिल होने से 300 भारतीय यात्री तीन दिनों से कोलंबो में फंसे हैं। साइक्लोन दितवाह की वजह से चेन्नई जाने वाली कई फ्लाइट्स कैंसिल है। वहीं, दुबई से श्रीलंका होते हुए भारत आ रहे करीब 300 यात्री पिछले तीन दिनों से कोलंबो के बंदरनायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं। इनमें करीब 150 यात्री तमिल के हैं। एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों ने आरोप लगाया है कि खराब मौसम की वजह से ऑपरेशन में रुकावट की वजह से उन्हें ठीक से खाना, पानी और बेसिक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

### कोलंबो में फंसे यात्रियों के सुरक्षित वापसी की कोशिश

तमिलनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन ने पब्लिक डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी को कोलंबो में भारतीय दूतावास के साथ कोऑर्डिनेट करने का निर्देश दिया है। इसके बाद अधिकारियों ने कोलंबो में फंसे तमिलों की सुरक्षित वापसी पक्का करने के लिए भारतीय हाई कमीशन के अधिकारियों से बातचीत की है। सरकार ने एयरपोर्ट पर मुश्किलों का सामना कर रहे यात्रियों के लिए ममद की मांग की है। भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका तक अपनी मानवीय मदद बढ़ाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी साइक्लोन में मारे गए लोगों के लिए दुख जताया था और इमरजेंसी मदद भेजने की पुष्टि की थी।

### भारत में दिखेगा व्यापक असर

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान दितवाह श्रीलंका के बाद अब भारत के उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिणी आंध्र के तटों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आईएमडी ने तमिलनाडु, दक्षिण आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। चक्रवाती तूफान दितवाह रविवार की सुबह तक उत्तरी तमिलनाडु और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों के पास पहुंचेगा। इस दौरान भारी बारिश के साथ 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

## नीतीश ने 10 लाख महिलाओं के खाते में भेजा 10 हजार



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नए कार्यकाल की सक्रियता इस तरह है कि शपथ के दस दिनों के भीतर ही वह उन घोषणाओं पर तीव्रता से आगे बढ़ रहे जो उन्होंने चुनाव के पूर्व अपने एक्स हैंडल पर किए थे। घोषणाएं एनडीए के संकल्प पत्र का हिस्सा भी बन चुकी हैं। यह तस्वीर मुख्यमंत्री के स्तर पर साफ कर दी गयी है कि जो कहा था वह करेंगे भी। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की चर्चा विपक्ष ने चुनाव के पहले और चुनाव के बाद भी खूब की। इस योजना के तहत जीविका समूह की महिलाओं को अपने पसंद का रोजगार शुरू करने को 10-10 हजार रुपए दिए गए।

## 17 दिन पहले ही इमरान खान को दे दी गयी फांसी!

● सनसनीखेज खबर से पाकिस्तान में मचा भूचाल

सच या अफवाह



**इस्लामाबाद।** इमरान खान को 17 दिन पहले ही उसको फांसी दी जा चुकी है। इस सनसनी खबर को लेकर पाकिस्तान में जबरदस्त हंगामा भी मचा हुआ है। हालात इस कदर भयानक हो चुके हैं कि शहबाज शरीफ के करीबी ने इमरान का फातिहा पढ़ने की नसीहत दे दी है। इस 17 दिन वाली मिस्ट्री ने आज पूरे पाकिस्तान में भूचाल ला दिया। कोई कह रहा है इमरान को फांसी पर लटका दिया गया है। कोई कह रहा है इमरान को किसी भी वक्त फांसी दी जा सकती है। तो कोई इस बात की उम्मीद लगाए बैठा है कि इमरान के कत्ल की गलती नहीं की जाएगी। वैसे पाकिस्तान में राजनेताओं को फांसी पर लटकाने का पुराना इतिहास रहा है। 1979 की एक सुबह रावलपिंडी की जेल में 51 साल के वहां के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी पर लटका दिया गया था और अब 46 साल बाद, ठीक उसी तरह एक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में बंद कर रखा है। उनकों लेकर तरह तरह की खबरें सामने आ रही हैं। अगस्त 2023 से जेल में बंद इमरान खान को आखिरी बार डेढ़ साल पहले देखा गया था। दो महीने पहले भी उनकी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी होनी थी। लेकिन ना ही उनका चेहरा दिखाई दिया और ना ही उसकी आवाज जो है वो सामने आई।

## एक से बढ़कर एक हथियार लेकर भारत आएंगे पुतिन!

नई दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बहुप्रतीक्षित भारत दौरे का औपचारिक ऐलान हुआ। पुतिन भारत-रूस सालाना बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के साथ समिट के लिए 4-5 दिसंबर को भारत में रहेंगे। सूत्रों के अनुसार पुतिन भारत को एक दशक के दौरान 15 अरब डॉलर (1.3 लाख करोड़ रुपये) के रक्षा सौदों की पेशकश करेंगे। इसमें भारतीय नौसेना को दो बकुला क्लास की पनडुब्बियों का ऑफर शामिल है। दोनों देश एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को संयुक्त रूप से विकसित करने पर चर्चा करेंगे। रूस से 5 एस-400 सिस्टम मिलने हैं। 3 सिस्टम मिल चुके हैं।

## बंगाल के राज्यपाल ने राजभवन का नाम बदलकर 'लोक भवन' रखा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने राजधानी कोलकाता में स्थित राज्य-पाल आवास का नाम बदलने का एलान किया है। अभी तक इसे 'राज भवन' के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब इसका नाम 'लोक भवन' कर दिया गया है। राज्यपाल सीवी आनंद का यह फैसला काफी चर्चा में है। हाल ही में उन्होंने पश्चिम बंगाल के पास स्थित बांग्लादेश सीमा का भी दौरा किया था। इसके बाद उन्हें ट्रेन में आम लोगों की तरह यात्रा करते हुए देखा गया था। वहीं, डॉ. सीवी आनंद बोस ने ट्रेन में मिली शिक्षिका के अनुरोध पर स्कूल में अभ्यार्थियों से मुलाकात की थी। इसके बाद अब उन्होंने अपने आवास का नाम बदलने पर भी मुहर लगा दी है।

# खून से रंगे हैं चुनाव आयोग के हाथ


● अखिलेश यादव ने उठाए सवाल, आयोग को घेरा



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आज शनिवार को कहा कि बीएलओ पर जबरदस्ती का वर्क प्रेशर दिया जा रहा है। एसआईआर के लिए भाजपा को इतनी जल्दीबाजी क्यों हैं। यूपी में लगातार शादियां हो रही हैं। इस समय सब लोग व्यस्त हैं। लेकिन, इनको इससे मतलब नहीं है। फार्म भरने के लिए नगर निगम के सफाई कर्मियों को सहायक बनाया गया है। कल मैं फतेहपुर गया था, वहां मुझे पता चला कि सुपरवाइजर पर सरकार दबाव बना रही थी। इस वजह से उन्होंने आत्महत्या कर ली। आखिर इतनी जल्दी क्यों हैं? वेस्ट

### आखिर इतनी जल्दबाजी क्यों?

बंगाल के लोग कह रहे हैं कि चुनाव आयोग के खून से हाथ रंग गए हैं। एक दिन पहले अखिलेश यादव ने सभी वि-पक्षी दलों के साथ ही एनडीए के सहयोगी दलों से अपील की थी कि वे एकजुट हों और भाजपा के वोट काटने के षड्यंत्र का पर्दाफाश करें। जो दल भाजपा को अपना सहयोगी मान रहे हैं, सबसे पहले भाजपा उन्हीं का खात्मा करेगी। इसलिए हमारी प्रत्येक देशवासी से अपील है कि सारे काम छोड़कर एसआईआर की घपलेबाजी को रोकें। एसआईआर पर कहा था कि ये लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी है। जनता जागरूक हो, आज वोट काटा जा रहा है, कल को खेत, जमीन, मकान, राशन, जाति और आरक्षण से नाम काटा जाएगा। फिर बात खातों और मध्यवर्ग के लॉकर तक पहुंच जाएगी। यह देशवासियों के खिलाफ एक बहुत बड़ी साजिश है, जो अंग्रेजों की गुलामी से भी खराब स्थिति में ले जाएगी।




## राजधानी में जानलेवा प्रदूषण का क़हर जारी, खतरनाक मुकाम पर एक्यूआई



● जहरीली धुंध के आगोश में शहर, सांस के मरीजों का बुरा हाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एक बार फिर जहरीली धुंध की मोटी चादर में लिपट गई है। शहर के विभिन्न हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गया है, जिससे निवासियों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आईटीओ, गाजीपुर, आनंद विहार और धौला कुआं जैसे प्रमुख इलाकों में एक्यूआई का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है। शहर के अलग-अलग इलाकों की तस्वीरें सामने आई हैं। कैसे जहरीली धुंध ने पूरे शहर को अपनी आगोश में ले लिया है। दृश्यता काफी कम हो गई है और सुबह-शाम लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है।

## अब डाक्टर के पर्ची पर ही मिलेगी खांसी की दवा



**नई दिल्ली।** मामूली खांसी आने पर लोग कैमिस्ट की दुकान से कोई कफ़ लेकर राहत पा जाते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब खांसी मामूली हो या गैरमामूली, किसी डाक्टर के पर्ची के बिना नहीं दी जाएगी। दुकानदारों को भी इसका पूरी रिकार्ड रखना होगा। सरकार की तरफ से कहा गया है कि कफ सिरप से कई बच्चों की मौतों और दुष्प्रभावों को देखते हुए इसकी मनमानी बिक्री पर लगाम लगाने के लिए कड़ा कदम उठाया है। अब अधिकांश कफ सिरप डॉक्टर की पर्ची के बिना मेडिकल दुकानों पर नहीं बेचे जा सकेंगे। उन्हें कफ सिरप व गुणवत्ता जांच के कड़े नियमों का पालन करना होगा। सरकार की शीर्ष नियामक औषध परामर्श समिति ने कफ सिरप को उस शेड्यूल से हटाने की मंजूरी दे दी है, जिसके प्रावधान कफ सिरप को लाइसेंसिंग व खास निगरानी नियमों से छूट देते थे। यानी इसे खरीदने के लिए डॉक्टर की सलाह और पर्चा अनिवार्य होगा। बहरहाल नियम तो बना दिया गया है, अब भविष्य बताएगा कि इस नियम का कितना पालन किया और कराया जाता है।

● सरकार का नया फैसला

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव

● तापमान अधिकतम: 28.3°C
● तापमान न्यूनतम : 13.0°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14

वाराणसी, 29 नवम्बर, शनिवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क





काशी-तमिल संगमम में प्री इंवेट : जनमुख डेस्क

# अग्निवीरों ने खायी देश सुरक्षा की कसम

● 39 जीटीसी परेड ग्राउंड पर दी सलामी, भारत माता जय का गूंजा नारा

● भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास में जुड़ गया एक और अध्याय



**वाराणसी।** भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास में आज एक और अध्याय जुड़ गया, जब वाराणसी स्थित 39 जीटीसी (गोरखा ट्रेनिंग सेंटर) में अग्निवीर 06/25 बैच की कसम-परेड पूर्ण सैन्य अनुशासन और गरिमा के साथ आयोजित की गई। शनिवार सुबह शुरू हुए इस कार्यक्रम में नौजवानों ने 31 सप्ताह की कठोर सैन्य ट्रेनिंग पू-री करने के बाद राष्ट्रध्वज के सम्मान में शपथ ली और औपचारिक रूप से भारतीय सेना का हिस्सा बने। कार्यक्रम की शुरुआत परेड ग्राउंड पर सलामी, मार्च-पास्ट और औपचारिक निरीक्षण के साथ हुई। इस दौरान डिप्टी कमांडेंट एवं ट्रेनिंग बटालियन कमांडर ने परेड का निरीक्षण कर अग्निवीरों के सैन्य अनुशासन, दक्षता और परेड मानकों का आकलन किया। परेड के दौरान अग्निवीरों में जोश, संतुलन और सैन्य गौरव की आभा स्पष्ट दिखाई दी। अग्निपथ योजना के तहत चयनित इन युवा सैनिकों ने आज राष्ट्र की सेवा, राष्ट्र की एकता-अखंडता की रक्षा तथा अपने कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान सैन्य अधिकारी, प्रशिक्षक, आमंत्रित अतिथि और अग्निवीरों के परिजन उपस्थित रहे। परिजनों के चेहरों पर जहां एक ओर गर्व की चमक थी, वहीं अपने बेटे को वर्दी में देखकर कई आंखें नम भी दिखाई दीं। परिसर में सैन्य बैंड की धुनों ने माहौल को और अधिक उल्लासपूर्ण एवं गौरवशाली बना दिया। पूरी परेड के दौरान 'भारत माता की जय' और सैन्य ध्वनियों की गूंज वातावरण में वीरता और समर्पण का भाव पैदा कर रही थी। कार्यक्रम के समापन से पहले अधिकारियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को सम्मानित भी किया। वहीं प्रशिक्षकों द्वारा युवाओं के सैन्य चरित्र, अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रप्रेम की सराहना की गई।

# रोजगार महाकुंभ

● 9-10 दिसंबर को लगेगा रोजगार मेला, 300 कंपनियां छात्रों को देंगी नौकरियां, 20 हज़ार का रखा गया लक्ष्य

**वाराणसी।** वाराणसी में काशी सांसद रोज़गार महाकुंभ-2025 का आयोजन होने जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय लगभग 300 कंपनियां रोजगार के अवसर लेकर आ रही हैं। रोजगार के महाकुम्भ में 20 हज़ार से अधिक युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य है। रोजगार मेले में अधिकतम सालाना सैलरी 3 लाख 60 हज़ार तक होगी। काशी सांसद रोज़गार महाकुंभ-2025 का आयोजन 9 व 10 दिसंबर को गवर्मेंट आईटीआई करौंदी वाराणसी में होगा।

## रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली कंपनियां

एलएंडटी, इफको, अक्सिक्स बैंक, वर्धमान टेक्सटाइल स्विगी लिमिटेड, ब्लिंकिट, क्वेस कॉर्प लिमिटेड, एम्आरएफ चेन्नई ,एसआईएस इंडिया लिमिटेड, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग, एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ोदा, होटल ताज, टाटा मोटर्स महिंद्रा, टीवीएस, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, ओरबेल इलेक्ट्रॉनिक्स, आरके सोलर यूपी राज्य परिवहन निगम में संविदा पर चालक की भर्ती, डिक्सन इंटरनेशनल नोएडा, एसआईएस सिक्योरिटी, राष्ट्रीयकृत बैंक, ऑटोमोबाइल कंपनी, सिक्योरिटी सलूशन कंपनी, टेक्सटाइल, फुटवियर, सर्विस सेक्टर, रियल एस्टेट, सेल्स एंड मार्केटिंग, आईटी सॉफ्टवेयर, एजुकेशन जैसे कई सेक्टर से जुड़ी प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी।

## हृदय रोग के प्रति किया गया सजग

● गुरुनानक इंग्लिश स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** वाराणसी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कार्डियोलॉजडी विभाग एवं गृह विज्ञान द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालयी छात्रों के लिए हृदय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम 'धड़कन : एक नई पहल' (सही शिक्षा, सही पहचान और सही उपचार की ओर) आयोजित किया गया। नेतृत्व बीएचयू की हृदय रोग विशेषज्ञ डा. प्रतिभा राय (कार्ड़ियोलॉजिस्ट) ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा-11 और 12 के विद्यार्थियों में हृदय स्वास्थ्य तथा जन्मजात हृदय रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कई अहम जानकारियां भी दी गयीं। इस दौरान छात्रों ने अनेक प्रश्न भी पूछे। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव नियंत्रण और हानिकारक आदतों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी।

## लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ 15 दिन चलेगा विशेष अभियान



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** पुलिस आयुक्त ने निर्देशित किया कि अगले 15 दिनों तक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिसकर्मियों के विरूद्ध व्यापक अभियान चलाया जाएगा, जिसमें बिना नंबर प्लेट वाहनों एवं बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करते पाए गए पुलिसकर्मियों के विरूद्ध एमवी एक्ट में कार्यवाही के साथ-साथ अनुशासनहीनता मानते हुए विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी। शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा पुलिस वाहनों के चालकों हेतु यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस चालकों को अनुशासन, सुरक्षा और व्यावहारिक जिम्मेदारी के साथ वाहन संचालन के निर्देश दिए गए।

## एसआईआर : बीएलओ के साथ मतदाताओं की भी फजीहत, नामों में मिल रही व्यापक गड़बड़ी

**वाराणसी।** विधानसभा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) जारी है। हर हाल में मतदाताओं को चार दिसंबर से पहले फार्म भरकर बीएलओ को सौंपना है। दूसरी तरफ अधिकतर मतदाताओं की शिकायत है कि फार्म नहीं मिल रहा है। उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के कादीपुर क्षेत्र में एक मतदाता ने बताया कि पिछले दस दिन से हम बूथ पर जाकर फार्म नहीं ढूंढ़ पाए। आनलाइन जब चेक किया तो पता चला कि मेरा नाम अलग बूथ पर, पत्नी का अलग, बेटे व बेटी का अलग-अलग मिला। इसके बाद बीएलओ से संपर्क किया तो फार्म मिला। जब सुपरवाइजर को जानकारी दी तो मेरे घर पर चार बीएलओ पहुंचीं और भरा हुआ फार्म लेकर गईं। इस तरह की शिकायतें एक नहीं दर्जनों मतदाताओं की है। मतदाता सूची में इस तरह की गड़बड़ियों की वजह से बीएलओ के साथ हजारों मतदाता भी परेशान हैं। बीएलओ मतदाता सूची लेकर स्वयं परेशान हैं।

## एसआईआर : 4 दिसंबर तक सभी कार्य छोड़ अभियान में जुटने का आह्वान



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्रों पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने बागेश्वरी मंडल के जगतगंज शक्ति केंद्र एवं राजर्षि मंडल के नारायणपुर शक्ति केंद्र पर कई बूथों के बीएलए-2 एवं बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। महानगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 4 दिसंबर तक सभी अन्य कार्य स्थगित कर केवल एसआईआर अभियान में पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों से फार्म भरवाकर उन्हें समय से जमा कराया जाए।

## विद्यापीठ में अगले सप्ताह से परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे छात्र

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। 15 दिसंबर से परीक्षाएं शुरू होंगी। इसके लिए अगले हफ्ते से विद्यार्थियों को ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने का मौका मिलेगा। विश्वविद्यालय से वाराणसी के साथ ही चंदौली, भदोही, सोनभद्र, मिर्जापुर के कॉलेज संबद्ध हैं। इस साल केवल वाराणसी, चंदौली के कॉलेजों की ही परीक्षा कराई जाएगी।

## ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर दिल्ली में लगेगा विश्वकर्मा वंशजों का जमावड़ा

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने एक बताया है कि भारत के सातवें राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर महासभा के तत्वावधान में ज्ञानी जैल सिंह स्मरणाजंली समारोह एवं राष्ट्रीय एकता संगोष्ठी का आयोजन 25 दिसंबर को नई दिल्ली के पहाड़गंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में किया गया है। जिसमें 'राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक विभाजन को कैसे रोका जाए' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में देशभर के राज्यों से विश्वकर्मा वंशज लोहार, बढ़ई, कसेरा, मूर्तिकार एवं शिल्पकार समाज के प्रतिनिधियों का समागम होगा। व्याख्यान का कार्यक्रम दोपहर में 1:00 बजे से विश्वकर्मा मंदिर पहाड़गंज में आयोजित है। इससे पहले दिन में 11:00 बजे ज्ञानी जैल सिंह के समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# लेखपालों के आंदोलन को कांग्रेस का समर्थन

● न्याय नहीं किया गया तो खोलेंगे मोर्चा


जनमुख डेस्क

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विगत दिनों फतेहपुर में एसआई आर कार्यक्रम में लगे लेखपाल सुधीर द्वारा आत्महत्या किए जाने के विरोध में लेखपाल संघ द्वारा चलाए जा रहे आन्दोलन को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबै के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंच कर लेखपाल संघ द्वारा चलाए जा रहे आन्दोलन को समर्थन दिया। राघवेन्द्र चौबे ने कहा कि निर्वाचन आयोग एवं प्रशासन की मनमानी के चलते कार्यक्रम में लगे कर्मचारियों की मौतें लगातार हो रही है वह दूसरी ओर संवेदनहीन निर्वाचन आयोग एवं प्रशासनिक अधिकारी खामोशी से तमाशा देख रहे हैं आम जनमानस त्रस्त और बेहाल हो चुका है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, सतनाम सिंह, अशोक सिंह, संतोष चौरसिया गोपाल जी चौबे प्रदीप सिंह, नरसिंह दास, रामजी गुप्ता समीम हैदर, वन्दना जाय-सवाल विकास पांडे, किशन यादव सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## आसुदाराम सत्संग स्थल से निकली साईं चांडूराम की अस्थि कलश दर्शन यात्रा

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** संत बाबा आसुदाराम सेवा समिति, वाराणसी द्वारा लखनऊ स्थित शिव शांति संत आसुदाराम साहिब आश्रम के पीठाधीश्वर, सिंधी समाज के गुरु, संत शिरोमणि साईं चांडूराम की अस्थि कलश दर्शन यात्रा एवं पुण्य स्मरण सभा का आयोजन शनिवार को किया गया। अमर नगर स्थित संत बाबा आसुदाराम सत्संग स्थल से विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के बाद अस्थि कलश यात्रा का आरंभ दोपहर तीन बजे किया गया। यह अस्थि कलश यात्रा अमर नगर, सोनिया, सिगरा होते हुए रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, नगर निगम चार पहुंची जहां सायंकाल छह बजे तक पुण्य स्मरण सभा, श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## 'विकसित भारत 2047: शिक्षा, संस्कृति और नवाचार' का शुभारंभ

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम 'विकसित भारत 2047: शिक्षा, संस्कृति और नवाचार' का शुभारंभ शुक्रवार को वैदिक विज्ञान केंद्र में हुआ। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और देश-विदेश के विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित संस्थानों से आए विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानप्रकाश मिश्रा ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर हार्दिक स्वागत किया। मुख्यवक्ता डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु (आयुष मंत्री उत्तर प्रदेश) ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश बदल रहा है देश बदल रहा है। जिस वजह से अन्य सभी देश इर्ष्या कर रहे हैं। कार्यक्रम में सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के उत्कर्ष पाठक, गौरव राठी, आदित्य प्रकाश, अमन सिंह दीपेश कुमार, सुजीत पासवान एवं अन्य उपस्थिति रहे ! कार्यक्रम के दौरान दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा अनन्या चौबे ने अपने मां प्रोमिता चौबे द्वारा लिखित पुस्तक 'Gender, Future, Women Power, Change and Possibilities in the 21st Century' का सभी अतिथियों से अनावरण कराया।






# सज-धजकर तैयार हो रहा नमो घाट

● काशी तमिल संगमम-4 की तैयारियों ने पकड़ा जोर


जनमुख डेस्क

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** काशी तमिल संगमम 4.0 को लेकर नमो घाट पर तैयारियाँ पूरी रफ्तार से चल रही हैं। 2 दिसंबर 2025 से शुरू हो रहे इस भव्य आयोजन के लिए घाट परिसर में बड़े पैमाने पर व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित और प्रधानमंत्री के विज़न से प्रेरित यह कार्यक्रम तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, सभ्यतागत और भाषाई रिश्तों को नई ऊर्जा देगा। नमो घाट पर विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाने की तैयारी की जा रही है, जहां आगंतुकों को तमिल संस्कृति, खानपान, हस्तशिल्प, साहित्य और कई अन्य विषयों से संबंधित सामग्री देखने और सीखने को मिलेगी। नमो घाट के सांस्कृतिक मंच पर प्रतिदिन शाम को उत्तर और दक्षिण भारतीय कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियाँ होंगी, जो दर्शकों को दोनों क्षेत्रों की समृद्ध कला परंपराओं से रूबरू कराएँगी।

### प्री-इवेंट में टैटू एवं मेंहदी प्रतियोगिता सम्पन्न

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** काशी तमिल संगमम 4.0 के तहत दृश्य कला संबंधी प्री–इवेंट गतिविधियों में आज आई.पी. मॉल सिगरा और जे.एच.वी. मॉल, वाराणसी में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक टैटू एवं मेंहदी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय तथा अन्य सहयोगी संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक विविधताओं को एक मंच पर लाना था। प्रतियोगिता में 70 से अधिक छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जनमुख परामर्श मंडल : एस. कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज, श्रीनारायण खेमका, अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, वी.के.जैन, अध्यक्ष-जैन मिलन, वाराणसी, डा. एस.के.पाठक वरिष्ठ चिकित्सक, डा. नीलम ओहरी स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रधान सम्पादक ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा', समाचार सम्पादक सरोज सिन्हा, स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित। रजि.33134/78. फोन : 0542-2500324 9336929544, Email : janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### ट्रक ने ट्रैक्टर- ट्रॉली को मारी टक्कर, किशोर समेत दो की मौत, 12 लोग घायल



**मीरजापुर।** जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के मीरजापुर- सोनभद्र मुख्य मार्ग पर भांवा बाजार के समीप शुक्रवार की देर रात ट्रैक्टर- ट्राली में पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर में सवार चालक के साथ एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 12 लोग घायल हो गए। मड़िहान थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव निवासी पप्पू कोल अपनी भतीजी के पुत्र प्राप्ति पर सोनभद्र जनपद के घोरावल थाना क्षेत्र के सोतील गांव में परिवार और रिश्तेदारों को ट्रैक्टर ट्राली से लेकर शुक्रवार की सुबह घर से निकले थे। वापसी के दौरान देर रात जैसे ही भांवा बाजार के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे सड़क किनारे ट्रैक्टर पलट गया। वहीं ट्राली में बैठे 12 लोग चोटिल हो गए। बाजार वासियों की सूचना पर पहुंची राजगढ़ पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने 55 वर्षीय चालक शंकर कोल को मृत घोषित कर दिया।

वहीं 15 वर्षीय संदीप की शनिवार की सुबह सात बजे के करीब इलाज के दौरान लोढ़ी अस्पताल में मौत हो गई।

## जौनपुर समाचार

### सपा विधायक ने बीएलओ विपिन यादव की मौत पर सवाल

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक रागिनी सोनकर ने प्रदेश भर में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ 'अमानवीय व्यवहार' का आरोप लगाया है।

उन्होंने हाल ही में जान गंवाने वाले बीएलओ विपिन यादव की मौत की चुनाव आयोग से जांच और एक शिकायत निवारण समिति गठित करने की मांग की है।

विधायक सोनकर ने आरोप लगाया कि बीएलओ से मशीन की तरह काम कराया जा रहा है और उनके साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के कुछ लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं और बीएलओ के प्रति उनका रवैया पक्षपातपूर्ण है। उन्होंने दो दिन पहले हुई बीएलओ विपिन यादव की मौत का जिक्र किया।

## गाजीपुर समाचार

### छात्रा की मौत पर विद्यालय बंद कर शिक्षकों ने जताया शोक



**सादात।** थाना क्षेत्र के स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार को हुए ट्रेन हादसे में एक इंटर कॉलेज सादात की छात्रा पायल राजभर की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन ने शुक्रवार को पठन-पाठन स्थगित कर विद्यालय बंद रखा।प्रबंधक सुशील सिंह और प्रधानाचार्य उदयभान सिंह सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी नगर के वार्ड संख्या छह निवासी मृतक छात्रा के पिता नंदू राजभर के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और पायल की माता इंदु देवी को आर्थिक सहयोग राशि प्रदान किया।इसके बाद ट्रेन हादसे में गंभीर रूप से घायल छात्रा जिया उर्फ भोली गुप्ता के घर पहुंचे। चूंकि घायल छात्रा को लेकर परिवार के सभी सदस्य मेडिकल कॉलेज अस्पताल में थे। ऐसे में प्रधानाचार्य सहित कई शिक्षक अस्पताल पहुंचे और छात्रा जिया का हाल जानना और आर्थिक सहायता दी। इस दौरान प्रबंधक सुशील सिंह, प्रधानाचार्य उदयभान सिंह, शिक्षक राजेश कुमार पांडेय, विजय यादव, हृदयेश मिश्रा, शकील अहमद आदि उपस्थित थे। मालूम हो कि इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली नगर के वार्ड नंबर छह की तीन छात्राएं छुट्टी के बाद स्कूल से घर लौट रही थीं। इसी दौरान वाराणसी से मऊ की ओर दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस रन थ्रू जा रही थी।

## बलिया समाचार

### जनपद की सभी तहसीलों में लेखपालों ने धरना दिया

**बलिया।** गोंडा जनपद में तैनात लेखपाल सुधीर कुमार की मौत से लेखपालों में नाराजगी है। शुक्रवार को जनपद की सभी तहसीलों में लेखपालों ने धरना दिया। अधिकारियों पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए।

**सिकंदरपुर :** तहसील अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में धरने के बाद लेखपालों ने उपजिलाधिकारी सुनील कुमार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंदा।

मृत लेखपाल के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की। अरुण कुमार सिंह ने कहा कि स्व. सूरज कुमार मिश्र ने 20 से 24 नवंबर तक अवकाश मांगा था पर नहीं दिया गया। 22 नवंबर को बैठक में अनुपस्थित रहने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया। तनाव से सूरज ने 25 नवंबर को आत्महत्या कर ली।

## आजमगढ़ समाचार

### एसआईआर...2003 के बाद परिवार में आईं बहुओं को देना होगा माता-पिता का विवरण



**आजमगढ़।** बहुत सी महिलाएं ऐसी हैं जो 2003 के बाद शादी के बाद ससुराल आ गई है। ऐसे में इन महिलाओं को गणना प्रपत्र में अपने माता पिता का विवरण दर्ज करना होगा। वहीं निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में सख्ती बढ़ा दी है। अब एसआईआर प्रपत्र भरवाने और जमा कराने के लिए बीएलओ केवल तीन बार ही घर पर विजिट करेंगे। तीन विजिट के बाद भी यदि मतदाता प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराता, तो 9दिसंबर के बाद उसे स्वयं निर्वाचन कार्यालय के चक्कर लगाने होंगे। एसआईआर प्रपत्र में कुल तीन खंड हैं। खंड एक और दो सभी मतदाताओं के लिए अनिवार्य हैं, जबकि खंड संख्या तीन 2003 के बाद परिवार में शामिल हुए सदस्य विशेषकर बहुओं के लिए है, जिसमें उन्हें अपने माता या पिता का विवरण देना होगा।एसआईआर के आधार पर तैयार मतदाता सूची का उपयोग विधानसभा और लोकसभा चुनाव में किया जाएगा। पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण अलग से किया जाएगा। जिले में एसआईआर प्रपत्रों का वितरण शत-प्रतिशत हो चुका है। वहीं अब तक 60 प्रतिशत प्रपत्र भरकर ही डिजिटलाइज्ड किए।

## सुल्तानपुर समाचार

### सर्दी, जुकाम व बुखार से बढ़ी बीमार बच्चों की संख्या

**सुल्तानपुर।** सर्दी बढ़ने के साथ बच्चे जुकाम, बुखार और एलर्जी की चपेट में आने लगे हैं। मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में संचालित बाल रोग विभाग की ओपीडी में रोजाना करीब 170-200 मरीज आ रही हैं। शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे तक 170 बीमार बच्चे आए, जिसमें ज्यादातर जुकाम-बुखार व सर्दी से परेशान रहे।

मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम करन ने बताया कि ठंड व प्रदूषण बच्चों के फेफड़ों पर असर डाल रहा है। बच्चों को सांस लेने में परेशानी के मामले सामने आ रहे हैं।

इन दिनों सुबह-शाम सर्दी व दिन में धूप होने से शरीर के तापमान में उतार-चढ़ाव रहता है। इससे अस्थमा, सर्दी-जुकाम, बुखार और एलर्जी के मरीज बढ़ रहे हैं। बच्चों में सांस संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

## मऊ समाचार

### बुकिंग की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई



**मऊ।** जनपद में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के तहत किसानों को 60% अनुदान पर सोलर पंप दिए जा रहे हैं। कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक सत्येंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न क्षमता के सोलर पंपों की ऑनलाइन बुकिंग 26 नवंबर से शुरू हो गई है। बुकिंग की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक किसान कृषि विभाग की वेबसाइट https://agriculture.up.gov.in पर जाकर 'अनुदान पर सोलर पम्प हेतु बुकिंग करें' लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। बुकिंग के समय 5000 रुपये की टोकन मनी ऑनलाइन जमा करनी होगी। यदि लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो किसानों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

बुकिंग कन्फर्म होने के बाद किसानों को निर्धारित अवधि के भीतर चालान के माध्यम से शेष राशि का भुगतान इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में या ऑनलाइन करना होगा। ऐसा न करने पर किसान का चयन स्वतः रद्द हो जाएगा और टोकन मनी जब्त कर ली जाएगी। सोलर पंप के लिए क्रियाशील बोरिंग का होना अनिवार्य है, जिसे किसान को स्वयं कराना होगा। बोरिंग का व्यास पंप की क्षमता के अनुसार होना चाहिए: 2 एचपी के लिए 4 इंच, 3 एचपी और 5 एचपी के लिए 6 इंच, तथा 7.5 एचपी और 10 एचपी के लिए 8 इंच। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न पाए जाने पर आवेदन निरस्त कर टोकन मनी जब्त कर ली जाएगी। विभिन्न क्षमता के पंपों के लिए उपयुक्त गहराई इस प्रकार है: 2 एचपी सर्फेस पंप 22 फीट तक, 2 एचपी सबमर्सिबल पंप 50 फीट तक, 3 एचपी पंप 150 फीट तक, 5 एचपी पंप 200 फीट तक, और 7.5 एचपी व 10 एचपी पंप 300 फीट तक की गहराई के लिए उपयुक्त होते हैं। पोर्टल पर 2 एचपी और 3 एचपी पंपों का लक्ष्य संयुक्त रूप से प्रदर्शित होगा, जिसमें किसान अपनी आवश्यकतानुसार चयन कर सकते हैं।

## देवरिया समाचार

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सलेमपुर।** मझौली राज वार्ड नंबर एक की महिला सभासद के पति के भाई की बृहस्पतिवार की रात सड़क हादसे में मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के मझौली राज नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक निवासी पप्पू यादव की पत्नी सुनीता देवी वार्ड की सभासद हैं। बृहस्पतिवार की शाम उनके जेठ प्रवीण यादव (40) किसी कार्य से सलेमपुर आए थे। वे देर रात घर लौट रहे थे। अभी सलेमपुर-मझौलीराज मार्ग पर स्थित नदावर पुल के समीप पहुंचे थे कि तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से घायल को सीएचसी भेजा, जहां चिकित्सक ने उन्हे मृत घोषित कर दिया।

## सोनभद्र समाचार

### जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय केकराही का किया औचक निरीक्षण



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने आज उच्च प्राथमिक विद्यालय केकराही का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षकों द्वारा पठन-पाठन कार्य करते पाये गये। जिलाधिकारी ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से वार्ता कर उनके बौद्धिक स्तर का जायजा लिये और बेहतर शिक्षण कार्य के लिए अध्यापक/अध्यापिकाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पंजीकृत 135 में से 89 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय के प्राधानाचार्य को पंजीकृत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को अधिकाधिक बढ़ाने के निर्देश दियें, उन्होंने कहा कि पंजीकृत छात्र-छात्रा विद्यालय आये, इसके लिए अभिभावकों को भी प्रेरित किया जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में मीनू के अनुसार बनने वाले भोजन के सम्बन्ध में बच्चों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त किये, उन्होंने कहा कि निर्धारित मीनू के अनुसार विद्यालय में भोजन तैयार कर बच्चों को समय से दिया जाये। उन्होंने कहा कि विद्यालय में परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर किया जाये। उन्होंने विद्यालय में पीने के पानी की स्थिति, शौचालय, दिव्यांग शौचालय, किचन में खाद्यान्न की स्थिति का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा भी लिये।

## चंदौली समाचार

### एसडीएम ने आठ बीएलओ को किया सम्मानित

**सकलडीहा।** तहसील सभागार में शुक्रवार को एसडीएम कुंदन राज कपूर ने शत प्रतिशत एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) फीडिंग कार्य समय पर पूरा करने वाले आठ बीएलओ को सम्मानित किया। एसडीएम ने इन बीएलओ को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर बधाई दी। उन्होंने अन्य बीएलओ और कर्मचारियों को इनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी। सकलडीहा विधानसभा में कुल 10 बीएलओ ने सकलडीहा में एसआईआर फीडिंग का कार्य समय पर पूरा किया था। इनमें तहसील में उपस्थित आठ बीएलओ को सम्मानित किया गया है। सम्मानित होने वाले बीएलओ में सरेसर गांव की पुष्पा देवी, माटीगांव की उर्मिला देवी, डिग्गी की पद्मावती, भोजापुर गांव के जसवंत, जमुनीपुर की मंजू देवी, जामडीह के सुजीत, बरईपुर की कंचन देवी और बरगा की मीना देवी शामिल हैं।

## प्रयागराज समाचार

### सोरांव के रहने वाले पिता- पुत्र की सड़क हादसे में मौत





**प्रयागराज।** डॉक्टर को दिखाने वाराणसी जा रहे पिता-पुत्र की कटका मीरजापुर हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह कार से वाराणसी जा रहे थे। घना कोहरा होने के कारण कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी मौके पर ही पिता-पुत्र की मौत हो गई।

घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। सोरांव थाना अंतर्गत तौकलपुर गांव के रहने वाले श्याम कृष्ण एडवोकेट गंभीर बिमारी से पीड़ित थे। जिनको वाराणसी शहर में डॉक्टर को दिखाने के लिए उनके बेटे अनुराग कृष्ण अपनी कार में सवार होकर वाराणसी जा रहे थे कि रास्ते में कोहरे के कारण आगे खड़े ट्रक के पीछे उनकी कार जा घुसी। जिससे मौके पर ही पिता-पुत्र की मौत हो गई। घटना की परिजनों को मिलने ही परिजनों में कोहराम मच गया। तौकलपुर गांव के रहने वाले श्याम कृष्ण एडवोकेट पिछले कई महीनों से गंभीर बिमारी से पीड़ित थे। परिजनों ने जिनका इलाज मुंबई के पाश्चात्य वाराणसी शहर स्थित एक अस्पताल से करा रहे थे। श्याम कृष्ण के बड़े बेटे अनुराग कृष्ण होम्योपैथिक चिकित्सक हैं। उन्होंने ने शुक्रवार भोर अपनी कार में सवार होकर अपने पिता श्याम कृष्ण को डॉक्टर को दिखाने के लिए वाराणसी शहर जा रहे थे। इस दौरान वह मिर्जापुर जनपद क्षेत्र में पहुंचे ही थे कि हाईवे पर सामने खड़ी ट्रक के पीछे कार जा घुसी। जिससे कार सवार पिता - पुत्र की मौके पर मौत हो गई। सड़क हादसे में कार सवार पिता-पुत्र की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अनुराग कृष्ण के छोटे भाई अभिनव कृष्ण यादव सीबीआई विभाग में बतौर एपीओ पद पर कार्यरत है। मृतक श्याम कृष्ण कि पत्नी विमला देवी व मृतक अनुराग कृष्ण की पत्नी आकांक्षा यादव व उनके दो बेटियां अनोध्या व अन्या का रो रोकर बुरा हाल है।

## गोरखपुर समाचार

### महिला आरक्षी को रंग लगाने में तीन पुलिसकर्मी निलंबित




**गोरखपुर।** जिले की बलरामपुर कोतवाली में इस साल होली पर महिला आरक्षी को बिना उसकी सहमति रंग लगाने और अभद्रता मामले में तीन पुलिसकर्मियों को आरोपी बनाया गया है। विशाखा कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद बलरामपुर के एसपी विकास कुमार ने तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर उनके खिलाफ आपराधिक प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही विभागीय जांच के तहत धारा 14(1) की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जिससे तीनों पर बर्खास्तगी की तलवार भी लटक रही है। घटना बलरामपुर कोतवाली थाने की है। वहां 15 मार्च 2025 को होली के दौरान ड्यूटी पर मौजूद मुख्य आरक्षी अमित कुमार, आरक्षी पन्नेलाल और शैलेंद्र कुमार ने एक महिला सिपाही के मना करने के बावजूद जबरन उसे रंग लगाया। महिला आरक्षी ने इस व्यवहार को अभद्रता और असम्मान बताते हुए तत्काल उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी। मामले की जांच विशाखा कमेटी को सौंपी गई। कमेटी ने महिला आरक्षी के बयान, मौके पर मौजूद कर्मियों की गवाही और परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि महिला आरक्षी की सहमति के बिना उसे रंग लगाया गया और अनुशासनहीनता एवं अभद्र व्यवहार किया गया।

## भदोही समाचार

### कोहरे में हाईवे के किनारे नहीं खड़े होंगे ट्रक



**भदोही।** घने कोहरे और धुंध के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग NH-19 पर ट्रकों और भारी वाहनों को किनारे खड़ा करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार सिंह ने इस संबंध में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह कदम कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है।

राजीव कुमार सिंह ने थाना ऊंज, गोपीगंज और औराई के साथ-साथ डायल-112 के सभी पुलिस कर्मियों को विशेष ब्रीफिंग दी। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद भदोही के संपूर्ण NH-19 (जीटी रोड) क्षेत्र में कोई भी ट्रक ड्राइवर अपना वाहन राजमार्ग के किनारे या इमरजेंसी लेन में खड़ा न करे। ऐसा करना घातक साबित हो रहा है और इससे होने वाली श्रृंखला दुर्घटनाओं में कई जानें जा चुकी हैं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों और डायल-112 के पीआरवी कर्मियों को कोहरे के दौरान राजमार्ग पर लगातार गश्त करने और किनारे खड़े किसी भी भारी वाहन को तत्काल हटवाने का निर्देश दिया। ट्रक ड्राइवरों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे विश्राम या रुकने के लिए केवल टोल प्लाजा क्षेत्र, पेट्रोल पंप/सीएनजी स्टेशन, अधिकृत ढाबा/पार्किंग क्षेत्र और सर्विस रोड का ही उपयोग करें। यदि कोई ड्राइवर मजबूरीवश राजमार्ग किनारे रुकता है, तो उसे तत्काल तीन चेतावनी त्रिभुज (रिफ्लेक्टर) 50, 80 और 120 मीटर पीछे लगाने होंगे। साथ ही, सभी लाइटें (हैजर्ड, फॉग लाइट, रूफ लाइट) चालू करनी होंगी। ड्राइवर और क्लीनर को वाहन से बाहर गार्डरेल के दूसरी ओर सुरक्षित स्थान पर खड़े होने के लिए भी कहा गया है। इन नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर वाहन को क्रेन से उठवाकर थाने में जमा कराया जाएगा। सभी थानों को कोहरे के मौसम में रात में गश्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार सिंह ने सभी पुलिस कर्मियों से अपील की है कि वे जनपद को दुर्घटना मुक्त बनाने में सहयोग करें।

## लाइफ मंत्र

### क्यों देवों के देव महादेव ने सांप को बनाया अपना अलंकार, जानें इसके पीछे की कथा



भगवान शिव का दिव्य स्वरूप अनेक प्रतीकों से भरा हुआ है। माथे पर चंद्रमा, हाथ में त्रिशूल और डमरू और सबसे विशिष्ट उनके गले में लिपटा हुआ विषधर नाग। यह नाग केवल एक आभूषण या प्रतीक नहीं है, बल्कि एक गहरी पौराणिक कथा और आध्यात्मिक महत्व को दर्शाता है।

क्या आप जानते हैं कि क्यों देवों के देव महादेव ने इतने भयंकर जीव को अपने कंठ का हार बनाया। तो आइए जानते हैं उस प्रसिद्ध कथा को, जिसके कारण नागराज को शिव शम्भू के गले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ।

**भगवान शिव द्वारा नाग को गले में धारण करने की कथा**

एक बार, सृष्टि के संतुलन को बनाए रखने और देवताओं की खोई हुई शक्तियों को वापस लाने के लिए देवताओं और असुरों ने मिलकर क्षीर सागर का मंथन करने का निर्णय लिया।

इस विशाल मंथन प्रक्रिया में, मंदराचल पर्वत को मथनी के रूप में इस्तेमाल किया गया। इस पर्वत को घुमाने के लिए जिस रस्सी की आवश्यकता थी, उसके लिए नागों के राजा वासुकि ने अपनी सेवा प्रदान की।

वासुकि ने मंथन की रस्सी बनना स्वीकार किया और देवता एक ओर से तथा असुर दूसरी ओर से उन्हें पकड़कर मंथन करने लगे। जब मंथन तीव्र हुआ, तो वासुकि नाग को भयंकर पीड़ा हुई। इस पीड़ा के कारण उनके मुख से हलाहल नामक अत्यंत भयानक और विनाशकारी विष बाहर निकला। यह विष इतना प्रचंड था कि इसकी एक बूंद से पूरी सृष्टि, ग्रह और नक्षत्र तत्काल नष्ट हो सकते थे। ब्रह्मांड को इस महाविनाश से बचाने के लिए सभी देवता भयभीत होकर भगवान शिव की शरण में पहुंचे। दया के सागर महादेव ने सृष्टि के कल्याण के लिए तत्काल उस सम्पूर्ण विष को अपनी हथेली में लिया और पी लिया।

शिव जी ने इस विष को अपने कंठ में रोक लिया, जिससे उनका कंठ नीला पड़ गया और वे नीलकंठ कहलाए।

सृष्टि को बचाने की इस प्रक्रिया में वासुकि नाग की पीड़ा भी शांत हुई। अपनी सेवा और समर्पण के लिए भगवान शिव ने वासुकि को सर्वोच्च सम्मान प्रदान करते हुए उन्हें अपने गले का आभूषण बना लिया। यह घटना नागों के राजा वासुकि को सर्वोच्च सम्मान देने और उनकी सेवाओं को मान्यता देने का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि शिव जी ने न केवल सृष्टि को विष से बचाया, बल्कि उन्होंने अपनी शक्ति से उस भयानक विष को भी अपने नियंत्रण में रखा।

## सलमान के गुस्से से क्या बिग बॉस 19 से बाहर हुईं अशनूर कौर? तान्या मित्तल से हाथापाई पर उठा बवाल, फिनाले से पहले ही सफर खत्म?



बिग बॉस 19 आखिरकार खत्म होने वाला है, और फिनाले से ठीक एक हफ्ता पहले, गौरव खन्ना ने टिकट टू फिनाले जीता, और शो के पहले फाइनलिस्ट बन गए। हालांकि, इस हफ्ते की सबसे खास बात अशनूर कौर की तान्या मित्तल के साथ लड़ाई थी। बिग बॉस 19 आखिरकार खत्म होने वाला है, और फिनाले से ठीक एक हफ्ता पहले, गौरव खन्ना ने टिकट टू फिनाले जीता, और शो के पहले फाइनलिस्ट बन गए। हालांकि, इस हफ्ते की सबसे खास बात अशनूर कौर की तान्या मित्तल के साथ लड़ाई थी। वीकेंड का वार प्रोमो में सलमान खान तान्या को जानबूझकर लकड़ी के तख्ते से मारने के लिए अशनूर को डांटते हुए और यह बताते हुए दिखाई दे रहे हैं कि उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। इस बीच, सोशल मीडिया ट्रेंड्स सीज़न के लेटेस्ट एविक्शन के बारे में चर्चा कर रहे हैं - अशनूर कौर बिग बॉस 19 के घर से बाहर होने वाली लेटेस्ट कंटेस्टेंट हैं। यह कितना सच है? आइए पता करते हैं।

**अशनूर कौर बिग बॉस 19 से बाहरः रिपोर्ट**

अशनूर कौर, जिन्हें सीज़न के सबसे स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट्स में से एक माना जा रहा था, के BB 19 हाउस से बाहर होने की अफवाह है। बिग बॉस 19 टीम की तरफ से ऑफिशियल कन्फर्मेशन का इंतज़ार है, वहीं द खबरी समेत कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म दावा कर रहे हैं कि पॉपुलर टीवी स्टार-इंफ्लुएंसर टॉप 5 कंटेस्टेंट्स के अनाउंसमेंट से पहले ही घर से बाहर हो गई हैं। अशनूर टिकट टू फिनाले टास्क के दौरान तान्या मित्तल के साथ अपनी हाथापाई के लिए भी सुर्खियों में रही हैं। सोशल मीडिया यूजर्स का एक सेक्शन यह भी दावा कर रहा है कि एक्टर को तान्या के साथ उनकी लेटेस्ट लड़ाई की वजह से घर से बाहर जाने के लिए कहा गया था।

**सोशल मीडिया यूजर्स ने कैसे रिएक्ट किया?**

अशनूर कौर के एलिमिनेशन पर इंटरनेट पर रिएक्शन बंटे हुए हैं। जहां एक्टर के फैंस दावा कर रहे हैं कि वह शो में बहुत अच्छी हैं, वहीं दूसरों ने उनके एविक्शन को फेयर कहा है। दूसरों को लगा कि मालती चाहर को एलिमिनेट कर देना चाहिए था। ऐसा लगता है कि इस मामले पर कन्फर्मेशन के लिए हमें रविवार का इंतज़ार करना होगा। आज सुबह, अशनूर कौर के एक्स हैंडल ने शो में उनके एक्सपीरियंस का एक वीडियो मोंटाज पोस्ट किया। इसे एक नोट के साथ पोस्ट किया गया था जिसमें लिखा था, 'सिर्फ़ एक कंटेस्टेंट नहीं - वह जनता की फ़ेवरेट है, एक ऐसी लड़की जिसे ऑडियंस ने स्क्रीन पर बड़ा होते देखा है, उसकी ईमानदारी, टैलेंट और दिल की तारीफ़ की है। बचपन के रोल से लेकर बिग बॉस के घर तक, लोगों ने उसे हर कदम पर पसंद किया है। वह बॉन्ड असली है, और यह हर दिन दिखता है!' अगर अशनूर कौर घर से बाहर हो जाती हैं, तो बिग बॉस 19 के घर के टॉप सात कंटेस्टेंट गौरव खन्ना, फ़रहाना भट्ट, तान्या मित्तल, प्रणित मोरे, अमाल मलिक, शहबाज़ बदेशा और मालती चाहर होंगे।



# काजोल-ट्विंकल का 'टू मच' प्राइम वीडियो पर छाया, बनी सबसे सफल अनस्क्रिप्टेड सीरीज

**प्राइम वीडियो की अनस्क्रिप्टेड सीरीज़ 'टू मच' काजोल और ट्विंकल खन्ना के अनूठे होस्टिंग स्टाइल के साथ सफल रही है, जिसने सलमान खान से लेकर आलिया भट्ट तक कई मशहूर हस्तियों को आकर्षित किया है। यह शो न केवल भारत में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज़ में से एक बन गया है, बल्कि इसने दर्शकों के साथ एक मजबूत सांस्कृतिक जुड़ाव भी स्थापित किया है।**

प्राइम वीडियो का सेलिब्रिटी टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल,' जिसे बॉलीवुड स्टार काजोल और राइटर-प्रोड्यूसर ट्विंकल खन्ना होस्ट करती हैं, भारत में प्लेटफॉर्म की सबसे सफल अनस्क्रिप्टेड सीरीज़ बन गई है, जो देश के 93% से ज़्यादा पोस्टल कोड वाले दर्शकों तक पहुँची है। बनिज एशिया में बनी इस सीरीज़ के पहले सीज़न में सलमान खान, आमिर खान, अक्षय कुमार, सैफ अली खान, आलिया भट्ट, कृति सनोन, वरुण धवन और करण जौहर जैसी बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां थीं, और इसका आखिरी एपिसोड क्रिकेट वर्ल्ड कप चैंपियन जेमिमा रोड्रिग्स और शैफाली वर्मा के साथ था। बनिजय एशिया द्वारा निर्मित इस 'टॉक शो' में सलमान खान, आमिर खान, अक्षय कुमार, सैफ अली खान, आलिया भट्ट, कृति सैनॉन, वरुण धवन, करण जौहर सहित बॉलीवुड की कुछ प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। इसके साथ ही विश्व कप क्रिकेट चैंपियन टीम की सदस्य जेमिमा रोड्रिग्स और शेफाली वर्मा के साथ एक विशेष एपिसोड भी प्रसारित किया गया। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि अपने पहले सीजन में ही यह 'टॉक शो' काफी लोकप्रिय साबित हुआ और भारत के 93 प्रतिशत से ज्यादा पिनकोड तक पहुंच गया। प्राइम वीडियो, इंडिया के निदेशक निखिल मधोक ने कहा कि इस कार्यक्रम को मिली जबरदस्त लोकप्रियता 'टॉक शो' में आए नए नजरिए का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि यह प्राइम वीडियो की अब तक की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली 'अनस्क्रिप्टेड' सीरीज बन गयी है।

बनिजय एशिया की वरिष्ठ अधिकारी मृणालिनी जैन ने कहा कि यह एक विशेष कार्यक्रम बन गया, क्योंकि इसमें वह सब कुछ पेश किया गया जिसकी आज दर्शक चाहत रखते हैं - कोई छेड़छाड़ नहीं और मजाकिया बातचीत। जैन ने कहा, जिस क्षण काजोल और ट्विंकल एक साथ आईं, हमें पता था कि उनकी जोड़ी कुछ खास लेकर आएगी, लेकिन जिस पैमाने पर चर्चा हुई और सांस्कृतिक बातचीत हुई, वह हमारी उम्मीदों से कहीं बढ़कर थी।

प्राइम वीडियो के साथ साझेदारी ने उस ऊर्जा को और बढ़ा दिया - साथ मिलकर, हमने उनकी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली अनस्क्रिप्टेड सीरीज पेश की, जो वाकई देखने लायक है और जिसे नजरअंदाज करना मुश्किल है।

# रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने शादी की दूसरी सालगिरह पर प्रेग्नेंसी की घोषणा की, फैंस में खुशी की लहर



29 नवंबर को, कपल ने अपनी दूसरी वेडिंग एनिवर्सरी यह अनाउंस करके मनाई कि वे अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। उनके इस प्यारे पोस्ट ने तुरंत सोशल मीडिया को फैंस, दोस्तों और फिल्म इंडस्ट्री के प्यार, आशीर्वाद और एक्साइटमेंट से भर दिया। कपल ने प्रेग्नेंसी का खुलासा करके एनिवर्सरी मनाई। एक्टर रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने अनाउंस किया है कि वे अपनी दूसरी वेडिंग एनिवर्सरी पर अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। फैंस और फॉलोअर्स के साथ यह खुशखबरी शेयर करते हुए, कपल ने लिखा, 'दो साल का प्यार, एडवेंचर, और अब... थोड़ा वाइल्ड होने वाला है।'

29 नवंबर को, कपल ने अपनी दूसरी वेडिंग एनिवर्सरी यह अनाउंस करके मनाई कि वे अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। उनके इस प्यारे पोस्ट ने तुरंत सोशल मीडिया को फैंस, दोस्तों और फिल्म इंडस्ट्री के प्यार, आशीर्वाद और एक्साइटमेंट से भर दिया। कपल ने प्रेग्नेंसी का खुलासा करके एनिवर्सरी मनाई। शनिवार को, रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने इंस्टाग्राम पर यह खुशखबरी शेयर की। उन्होंने एक शांत जंगल में कैंपफायर के पास बैठे हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। जैसे ही उन्होंने यह पोस्ट शेयर किया, बधाई मैसेज आने लगे। एक्टर फैसल मलिक ने कमेंट किया, 'मुबारक हू।'

कई फैंस ने भी कपल को उनकी वेडिंग एनिवर्सरी पर विश किया और इस खबर पर खुशी जताई। प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट ने उनके साथ के सफर में एक और मीनिंगफुल चैप्टर जोड़ दिया है। ज़िंदगी के प्रति अपने ज़मीन से जुड़े और नेचर-लविंग नज़रिए के लिए जाने जाने वाले इस कपल ने अक्सर उन वैल्यूज़ के बारे में बात की है जो उन्हें अपनी जड़ों के करीब रखती हैं। जिन लोगों को नहीं पता, उन्हें बता दें कि इस कपल ने 29 नवंबर, 2023 को मणिपुर के इंफाल में एक ट्रेडिशनल वेडिंग सेरेमनी में शादी की। फैंस और इंडस्ट्री के साथियों ने कपल को बधाई दी है। पंचायत एक्टर फैसल मलिक ने रेड हार्ट इमोजी के साथ लिखा, 'मुबारक हू,'

**रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने प्रेग्नेंसी अनाउंस की**

सोशल मीडिया यूज़र्स ने कमेंट सेक्शन में दिल से विशेज़ दीं। एक इंस्टाग्राम यूज़र ने कमेंट किया, 'हैप्पी एनिवर्सरी! उम्मीद है आपने कुछ रेड राइस खीर खाई होगी।' दूसरे ने कहा, 'बधाई हो और ढेर सारी शुभकामनाएं।' अब तक इस पोस्ट को 7,000 से ज़्यादा लाइक और सैकड़ों कमेंट मिल चुके हैं।

**रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम की शादी के बारे में**

यह कपल नवंबर 2023 में शादी के बंधन में बंध गया। अपनी शादी के जश्न की तस्वीरें शेयर करते हुए, रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने एक जॉइंट इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'आज से, हम एक हैं #JustMarried (sic)।' जिन लोगों को नहीं पता, रणदीप हुड्डा की पत्नी लिन लैशराम एक एक्ट्रेस हैं और जाने जान, मैरी कॉम, एक्सोन और दूसरी फिल्मों में नज़र आ चुकी हैं। उन्होंने 2007 की फिल्म ओम शांति ओम में कैमियो रोल भी किया था।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पताः टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
M.S.FICS M.Ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, सिकजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेलिजया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682